Title: Need to construct an air strip at Chitrakut Dham for the convenience of the tourists visiting the place.

(ix) Need to construct an air strip at Chitrakut Dham for the convenience of the tourists visiting the place

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : महोदय, चित्रकूट धाम एक प्राचीन ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी है। यहां देश के कोने-कोने से चित्रकूट धाम (कामतानाथ मंदिर) को देखने के लिए लाखों-करोड़ों की संख्या में लोग प्रतिवर्ष आते हैं। विदेशी पर्यटकों की भी संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए चित्रकूट धाम में एक हवाई पट्टी की आवश्यकता महसूस हो रही है। प्रत्येक माह की अमावस्या को चित्रकूट धाम में लाखों श्रद्धालु दिल्ली, मुम्बई तथा अन्य बड़े-बड़े शहरों से आते हैं। यदि यहां पर हवाई पट्टी बन जाए तो न सिर्फ श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि पर्यटकों की संख्या बढ़ने से राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी। चित्रकूट धाम मुख्य रूप से विदेशी पर्यटकों की श्रद्धा का प्रतीक बनता जा रहा है। भगवान राम ने वनवास के समय यहां पर निवास किया था।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए चित्रकूट धाम में हवाई पट्टी को बनवाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें।

MR. SPEAKER: Shri Rajesh Kumar Manjhi − not present.

Shri Prabodh Panda.